NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/75/21 Date : 18.1.2021

श्रीमान मुख्य रेल पथ इंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– श्री दिगम्बर सिंह, वरि. खण्ड अभियन्ता (रेल पथ) इंचार्ज, कोसीकला, का मुख्यालय कोसीकला से मथुरा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

श्री दिगम्बर सिंह, वरिष्ट खण्ड अभियन्ता (रेल पथ), कोसीकला इन्चार्ज के पद पर कार्यरत है और इनका सेक्सन कोसीकला स्टार्टर सिगनल से मथुरा होम सिगनल तक है। श्री दिगम्बर सिंह, SSE(Pway) इन्चार्ज, कोसीकला का परिवार मथुरा में रहता है और परिवार में पत्नी, 2 बेटियां व 80 वर्ष की वृद्ध माँ है। श्री दिगम्बर सिंह की बेटियाँ मथुरा में ही शिक्षा ग्रहण कर रही है व वृद्ध माँ प्रायः बीमार रहती है जिनकी देखभाल करने वाला श्री सिंह के अतिरिक्त कोई नही है। ऐसी स्थिति में श्री दिगम्बर सिंह को प्रायः तनावपूर्ण स्थिति में रहना पड़ता है।

सहायक मण्डल अभियन्ता/मथुरा, प्रथम के अधीन मथुरा में एक सेक्सनल पी.डब्लू.आई. है जबकि कोसीकला में दो सेक्सनल पी.डब्लू.आई. (एक व. ख. अभि./रेल पथ/कोसीकला, व एक व. ख. अभि./रेल पथ/पलवल) है जिसके कारण मथुरा के सेक्सनल पी.डब्लू.आई. को रेस्ट व छुट्टी मिलने में परेशानी होती है।

श्री दिगम्बर सिंह, वरि. खण्ड अभि. (पीवे), इन्चार्ज, कोसीकला की पारिवारिक परेशानियों को देखते हुये यदि श्री दिगम्बर सिंह का मुख्यालय कोसीकला से मथुरा कर दिया जाय तो कोसीकला से मथुरा आउटर तक या मथुरा आउटर से कोसीकला तक कार्य करने में परिस्थितियां पूर्व जैसी ही रहेगी, उस पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ेगा और दिगम्बर सिहं अपने प्रशासनिक कार्य के साथ–साथ अपनी पत्नी, बच्चो व वृद्ध माँ की देखभाल सुचारू रूप से कर सकेगे, इसके अतिरिक्त अन्य प्रशासनिक कार्य जैसे सहायक मण्डल अभियन्ता के साथ मीटिंग व डाक आदि के निपटारे में, तथा सेक्सनल पी.डब्लू.आई./मथुरा के अवकाश आदि पर जाने पर उसके कार्य के सुपरविजन में, रात्रि निरीक्षण, फुट प्लेट आदि पर जाने में सुविधा रहेगी जो संरक्षा के दृष्टिकोण से भी उचित होगा।

अतः NCRES का अनुरोध है कि श्री दिगम्बर सिंह, सीनियर सेक्सन इंजीनियर/रेल पथ/इंचार्ज कोसीकला का मुख्यालय कोसीकला के स्थान पर मथुरा करने हेतु उचित आदेश जारी करने की कृपा करे जिससे कर्मचारी तनावमुक्त होकर ड्यूटी कर सके व परिवार की देखभाल करने में समर्थ हो सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री